राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल की दीपावली पर्व पर शुभकामनाएं

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व खुशी, उमंग और उत्सवधर्मिता में सराबोर होने का अवसर है। अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कामना की है कि दीपावली का त्योहार प्रदेशवासियों के जीवन में धन–धान्य, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए ।

राज्यपाल ने कहा कि दीप पर्व पर हमें कुरीतियों रूपी अंधकार को दूर कर समाज में समरसता का उजास फैलाने का संकल्प लेना चाहिए।

———–